# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

## प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

मॉडल प्रश्न पत्र सेट 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| कक्षा- 10 | विषय- सामाजिक विज्ञान | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |

सामान्य निर्देश:-

- कुल 40 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

1. फ्रांस की क्रांति कब हुई ?

क. 1759 ई० ख. 1769 ई०

ग. 1779 ई० घ. 1789 ई०

2. "सामजिक उपबंध" (Social Contract) नामक पुस्तक का लेखक कौन था ?

क. रूसो ख. मॉन्टेस्क्यू

ग. दिदरो घ. वॉल्टेयर

3. "यंग इटली सोसाइटी" की स्थापना किसने की थी?

क. काबुर ख. मेजिनी

ग. विस्मार्क घ. रूसो

4. इटली का एकीकरण कब पूरा हुआ?

क. 1851 ख. 1861

ग. 1870 घ. 1881

5. शुल्क संघ "जॉलवेराइन" की स्थापना किसकी पहल पर की गई ?

क. प्रशा ख. फ्रांस

ग. ऑस्ट्रिया घ. रूस

6. जालियांवाला बाग हत्याकांड कब हुआ?

क. 13 अप्रैल, 1919 ख. 15 अप्रैल, 1919

ग. 20 अप्रैल, 1919 घ. 25 अप्रैल, 1919

7. "हिंद स्वराज" नामक पुस्तक की रचना किसने की थी?

क. पं0 जवाहर लाल नेहरु ख. महात्मा गाँधी

ग. डॉ0 राजेंद्र प्रसाद | घ. बाल गंगाधर तिलक

8. "स्वराज हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे" यह किसने कहा था ?
क. डॉ0 राजेंद्र प्रसाद | ख. लाला लाजपत राय
ग. बाल गंगाधर तिलक | घ. बिपिन चन्द्र पाल

9. ब्रिटिश सरकार ने "कैसर -ए -हिंद" की उपाधि से किसे सम्मानित किया ?
क. पं0 जवाहर लाल नेहरु | ख. श्रीमती इंदिरा गाँधी
ग. रविन्द्र नाथ टैगोर | घ. महात्मा गाँधी

10. "सीमांत गाँधी" किसे कहा जाता था?
क. महात्मा गाँधी | ख. श्रीमती इंदिरा गाँधी
ग. अब्दुल गफार खान | घ. पं0 जवाहर लाल नेहरु

11. उत्पति के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते हैं?
(क) दो | (ख) तीन
(ग) चार | (घ) इनमें से कोई नहीं

12. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्नलिखित में से मुख्य कारण क्या हैं
(क) गहन सिंचाई | (ख) अधिक सिंचाई
(ग) वनोन्मूलन | (घ) पशुचारण

13. प्रथम पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन किस वर्ष किया गया?
(क) 1992 ई० | (ख) 1997 ई०
(ग) 2005 ई० | (घ) 2012 ई०

14. किस राज्य में काली मृदा मुख्य रुप से नहीं पाई जाती है?
(क) महाराष्ट्र | (ख) गुजरात
(ग) मध्य प्रदेश | (घ) राजस्थान

15. इनमें से कौन सी टिप्पणी प्राकृतिक वनस्पतिजात और प्राणीजात के ह्रास का सही कारण नहीं है?
(क) कृषि प्रसार
(ख) वृहद स्तरीय विकास परियोजनाएं
(ग) पशुचारण और इंधन लकड़ी एकत्रित करना
(घ) तीव्र औद्योगीकरण और शहरीकरण

16. बाघ परियोजना की शुरुआत किस वर्ष हुई?
(क) 1972 | (ख) 1973
(ग) 1974 | (घ) 1975

17. अंतराष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संघ के द्वारा विभाजन में किस श्रेणी को रखा गया है?

(क) संकटग्रस्त जातियां (ख) दुर्लभ जातियां
(ग) लुप्त जातियां (घ) इनमें से सभी

18. चैदहवीं शताब्दी में किसने दिल्ली में सिरी फोर्ट क्षेत्र में जल की सप्लाई के लिए हौज खास का निर्माण करवाया?
(क) चंद्रगुप्त (ख) इल्तुतमीश
(ग) अशोक (घ) कुतुबुद्दीन ऐबक

19. निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के पक्ष में दिया गया तर्क नहीं है?
(क) बहुउद्देशीय परियोजनाएं उन क्षेत्रों में जल लाती हैं जहां जल की कमी होती है।
(ख) बहुउद्देशीय परियोजनाएं जल बहाव को नियंत्रित करके बाढ़ पर काबू पाती हैं।
(ग) बहुउद्देशीय परियोजनाओं से बृहत् स्तर पर विस्थापन होता है और आजीविका खत्म होती है।
(घ) बहुउद्देशीय परियोजनाएं हमारे उद्योग और घरों के लिए विद्युत पैदा करती हैं।

20. सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बनाया गया है?
(क) गंगा (ख) यमुना
(ग) नर्मदा (घ) गोदावरी

21. सामान्यतः किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है?
क. प्रति व्यक्ति आय ख औसत साक्षरता दर
ग लोगों की स्वास्थ्य स्थिति घ उपरोक्त सभी

22. मान लीजिए कि किसी देश में 4 परिवार हैं। इन परिवारों की प्रति व्यक्ति आय रु.5000 है। अगर 3 परिवारों की आय क्रमशः रु.4000 से रु.7000 और रु.3000 है, तो चौथे परिवार की आय क्या है?
क रु.7500 ख रु.3000
ख रु.2000 घ रु.6000

23. मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना किस आधार पर करती है?
क स्वास्थ्य ख शिक्षा
ग प्रति व्यक्ति आय घ उपरोक्त सभी

24. एक वर्ष में पैदा हुए प्रति 1000 जीवित बच्चों में से 1 वर्ष की आयु से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या क्या कहलाती है।
क शिशु मृत्यु दर ख मातृत्व मृत्यु दर
ग मृत्यु दर घ औसत जन्म दर

25. वनोत्पादका संग्रह करना किस क्षेत्रक की गतिविधि है?
क द्वितीयक ख प्राथमिक
ग तृतीयक घ चतुर्थक

26. वे क्षेत्रक जो सरकार द्वारा पंजीकृत होते हैं और उन्हें सरकारी नियमों और विनियमों का अनुपालन करना होता है---------कहलाते हैं।

क संगठित क्षेत्र
ख असंगठित क्षेत्र
ग संगठित और असंगठित दोनों
घ इनमें से कोई नहीं

27. रमेश, सुरेश, नरेश और राकेश चार भाई हैं। रमेश खेतों में काम करता है, सुरेश किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता है, नरेश एक शिक्षक और राकेश एक टैक्सी ड्राइवर है। इनमें से किसके कार्य सेवा क्षेत्रक के अंतर्गत आते हैं?
क सुरेश, नरेश
ख सुरेश, राकेश
ग नरेश, राकेश
घ चारों भाई

28. रोहन एक अकुशल बेरोजगार युवक है। वह रोजगार की गारंटी देनेवाली सरकारी योजना मानरेगा के तहत अपना पंजीयन करवाता है । रोहन को वर्ष में कितने दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी?
क 200
ख 365
ग 100
घ 250

29. एक खेत में लक्ष्मण और उसके परिवार के चार व्यक्ति काम करते हैं, जिसमें सालाना 20 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होता है। लक्ष्मण के चचेरे भाई करन ने एक वर्ष तक लक्ष्मण और उसके परिवार साथ मिलकर कार्य किया परन्तु उस वर्ष कुल उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं हुइ। करन की परिस्थिति को किस श्रेणी में रखा जाएगा?
क मौसमी बेरोजगारी
ख प्रच्छन्न बेरोजगारी
ग शहरी बेरोजगारी
घ शिक्षित बेरोजगारी

30. अर्थव्यवस्था में प्रत्येक क्षेत्र के अंतिम उत्पाद की ही गणना क्यों की जाती है?
क बेरोजगारी से बचने के लिए
ख दोहरी गणना की समस्या से बचने के लिए
ग अधिक लागत की समस्या से बचने के लिए
घ इनमे से कोई नहीं

31. सत्ता की साझेदारी के संबंध में निम्न में कौन कथन असत्य है?
(क) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र के लिए लाभकर है।
(ख) इससे सामाजिक समूहों में टकराव का अंदेशा घटता है।
(ग) यह अस्थिरता एवं आपसी फूट को बढ़ाती है।
(घ) सत्ता में लोगों की भागीदारी बढ़ाती है।

32. निम्न में कौन बेल्जियम का एक भाषायी समूह नहीं है?
(क) फ्रेंच
(ख) स्पेनिश
(ग) डच
(घ) जर्मन

33. स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद श्रीलंका में किसे राजभाषा घोषित किया गया?
(क) तमिल
(ख) हिन्दी
(ग) पाली
(घ) सिंहली

34. श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र कब बना?

(क) 1945 (ख) 1946

(ग) 1947 (घ) 1948

35. निम्न में कौन संघवाद की एक विशेषता नहीं है?

(क) यहां सरकार दो या अधिक स्तरों वाली होती है।

(ख) अलग-अलग स्तर की सरकार एक ही नागरिक समूह पर शासन करती हैं।

(ग) विभिन्न स्तरों की सरकारों के अधिकार-क्षेत्र संविधान में स्पष्ट रुप से वर्णित नहीं होते हैं।

(घ) अदालतों को संविधान और विभिन्न स्तर की सरकारों के अधिकारों की व्याख्या करने का अधिकार है।

36. निम्न में कौन भारत की अनुसूचित भाषा के रुप में शामिल नहीं है?

(क) अरबी (ख) मैथिली

(ग) संथाली (घ) असमिया

37. निम्न में कौन सुमेलित नहीं है?

(क) राज्य सरकार -राज्य सूची (ख) केंद्र सरकार -संघीय सूची

(ग) केंद्र और राज्य सरकार - समवर्ती सूची (घ) स्थानीय सरकार- अवशिष्ट अधिकार

38. भारत में विकेंद्रीकरण के संबंध में कौन सत्य है?

(क) अब स्थानीय स्वशासी निकायों के चुनाव नियमित रुप से कराना संवैधानिक बाध्यता नहीं है।

(ख) वास्तविक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम 1992 में उठाया गया।

(ग) कम से कम एक चैथाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित है।

(घ) पंचायत और नगरपालिका चुनाव कराने के लिए राष्ट्रीय चुनाव आयोग नामक स्वतंत्र संस्था का गठन किया गया है।

39. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?

| | |
|---|---|
| (क) वर्ग विशेष के हित समूह | -किसी विशेष तबके या समूह के हितों को बढ़ावा देने वाले संगठन। |
| (ख) राजनीतिक दल | - ऐसा संगठन जो राजनीतिक सत्ता पाने कि गरज से लोगों को लामबंद करता है |
| (ग) आंदोलन | - किसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिए चलाया गया एक ऐसा संघर्ष जिसमें सांगठनिक संरचना हो भी सकती है नहीं भी। |
| (घ) दबाव समूह | - राजनीति में सीधे भाग लेते हैं। |

40. निम्न में कौन सुमेलित नहीं है?

(क) नर्मदा बचाओं आंदोलन - एक मुद्दे पर आधारित आंदोलन

(ख) खाद विक्रेताओं का संघ - दबाव समूह

(ग) तृणमूल कांग्रेस - राजनीतिक दल

(घ) श्रीलंका - संघात्मक शासन प्रणाली